







एकता और अनुशासन








एकता और अनुशासन

# परामर्श सत्र

29 जनवरी 2021 को 45वी यू.पी. बटालियन एन.सी.सी तथा 15 यूपी गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी के कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडगवासला, पुणे के अवकाश प्राप्त आचार्य डॉ. राजेन्द्र भारती जी ने एन.सी.सी. कैडेट्स से अनौपचारिक वार्ता की। कैडेट को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) सशस्त्र बलों का ऐसा यूथ विंग है जो देश के युवाओं को



अनुशासित और देशभक्त नागरिकों के रूप में परिवर्तित करता है। एन.सी.सी. का उद्देश्य चरित्र विकास, भाईचारा, साहसिक कार्य की भावना और युवा नागरिकों के बीच निःस्वार्थ सेवा के आदर्शो को विकसित करना है। जीवन कौशल सीखने और सभी आयामों में राष्ट्र की सेवा करने के लिए एन.सी.सी. सबसे अच्छा मंच है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में नेतृत्व क्षमता को विकसित करती है, जो किसी भी कैरियर का चयन करने तथा उसमें सफलता प्राप्त करने की गारंटी देती है। सशस्त्र बलों में कैरियर चुनने के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर एक सशक्त मंच है। भारत सरकार ने सशस्त्र बलों की परीक्षाओं में एन.सी.सी कैडेट को बोनस अंक देने का निर्णय लिया है। यह निर्णय न केवल युवाओं को एन.सी.सी में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है बल्कि सशस्त्र बलों को प्रशिक्षित एवं



अनुशासित युवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। कैडेट्स में राष्ट्रभक्ति तथा समाज सेवा की भावना पैदा करना और उनका सर्वांगीण विकास करना एन.सी.सी का मुख्य उद्देश्य है।



एन.सी.सी. और सशस्त्र बलों में चयन की प्रक्रिया से सम्बन्धित अपनी जिज्ञासाओं पर कैडेट्स ने डॉ. भारती से खुलकर चर्चा की। इस अवसर पर 45 यू.पी. बटालियन एन. सी.सी तथा 15 यू.पी. गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी के सी.टी.ओ. क्रमशः डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र तथा श्रीमती कविता मंध्यान सहित दोनों बटालियन के सभी कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने मुख्य वक्ता के प्रति आभार व्यक्त किया।



एकता और अनुशासन



4 दैनिक जागरण गोरखपुर, 30 जनवरी, 2021

# राष्ट्र सेवा का सबसे अच्छा मंच है एनसीसी

जासं, गोरखपुर : राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) देश के युवाओं को अनुशासित करता है और देशभक्त बनाता है। जीवन कौशल सीखने और सभी आयामों में राष्ट्र की सेवा करने के लिए एनसीसी सबसे अच्छा मंच है। यह बातें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडगवासला के अवकाश प्राप्त आचार्य डा. राजेन्द्र भारती ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में 15 यूपी गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी के कैडेट्स को सम्बोधित करते कही।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करती है। सशस्त्र बलों में कैरियर चुनने के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर एक सशक्त मंच है। भारत सरकार ने सशस्त्र बलों की परीक्षाओं में एनसीसी

के लिए प्रेरित करेगा बल्कि सशस्त्र बलों में प्रशिक्षित एवं अनुशासित युवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर 45 यूपी बटालियन एनसीसी तथा 15 यूपी गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी के केयर टेकिंग आफिसर डा. प्रज्ञेश कुमार मिश्र व कविता मंध्यान सहित दोनों बटालियन के सभी कैडेट्स मौजूद रहे।

एकता और अनुशासन

## 'पर्यावरण जागरूकता रैली'

30 जनवरी 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 'पर्यावरण जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। पर्यावरण जागरूकता रैली महाविद्यालय प्रांगण से निकलकर महाविद्यालय से सटे गाँव मंझरिया छोटी रेतवहिया, बड़ी रेतवहिया ककरहियां हसनगंज होते हुए पुनः वापस आयी। रैली में पर्यावरण जागरूकता से सम्बन्धित स्लोगन व नारे कैडेटस द्वारा लगाये गये। रैली के माध्यम से ग्रामीण वासियों को पर्यावरण की महत्ता के बारें में बताया गया।





एकता और अनुशासन








एकता और अनुशासन



हिन्दुस्तान • गोरखपुर • रविवार • 31 जनवरी 2021 •

## पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता रैली एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।पर्यावरण जागरूकता रैली महाविद्यालय प्रांगण से निकलकर महाविद्यालय से सटे गांव मंझरिया छोटी रेतवहिया, बड़ी रेतवहिया ककरहियां हसनगंज होते हुए पुनः वापस आई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण की महत्ता के बारें में बताया गया।

एकता और अनुशासन

# वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान आपदा को अवसर में बदलता भारत

12 फरवरी 2021 को ''वैश्विक महामारी कोविड–19 के दौरान आपदा को अवसर में बदलता भारत'' विषय पर बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में मेडिसिन विभाग के आचार्य डॉ. राजकिशोर सिंह ने बोलते हुए कहा कि कोविड–19 जिसे कोरोना महामारी के रूप में हम जानते हैं, सम्पूर्ण विश्व में अपना दुष्प्रभाव सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से दिखा रहा है। वैक्सीन का निर्माण एवं वितरण अत्यन्त सजगता के साथ आवश्यकता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। विश्व के सम्मुख भारत वैक्सीन निर्माण एवं वितरण में नेतृत्व कर रहा है। वर्तमान केन्द्र एवं राज्य की सरकार अपनी पूरी



क्षमता के साथ जनसेवा में लगी है। लोककल्याणकारी राज्य की भूमिका को आज का भारत जिस प्रकार से नेतृत्व दे रहा है, उसकी प्रशंसा वैश्विक स्तर पर हो रही है। 'दो गज दूरी, मास्क है जरूरी' स्लोगन के साथ वैक्सीन के बारे में जागरूकता एवं उसके पर्याप्त मात्रा में उत्पादन एवं वितरण को मिशन मोड में युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि कोविड–19 ने लॉकडाउन के दौरान वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं को मंदी की चपेट में लाकर खड़ा कर दिया है, जिससे उबरने की चुनौती विशेषकर गरीब और विकासशील देशों के समक्ष है। भारत इन सभी चुनौतियों से जूझते हुए

एकता और अनुशासन

भी वैश्विक स्तर पर न सिर्फ अपने को खड़ा कर रहा है बल्कि जरूरतमंद देशों को सहयोग भी कर रहा है। कोविड–19 ने वैश्विक स्तर पर जिस आपदा को जन्म दिया है, भारत उससे अछूता नहीं हैं किन्तु हमने इसे अवसर के रूप में बदल दिया है। परिणामस्वरूप मास्क निर्माण, पी.पी.ई. किट, सेनेटाइजर, स्वच्छता, वैक्सीन, बेहतर स्वास्थ्य सेवायें इत्यादि के






एकता और अनुशासन

मामले में आज भारत विश्व के समक्ष एक सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के रूप में दिखायी दे रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के साथ हम अपनी अधिकतम क्षमता का प्रदर्शन 'स्वदेशी उत्पादन' के द्वारा कर रहे हैं। भारत की यह आत्मनिर्भरता भविष्य में भारत को वैश्विक स्तर पर नयी पहचान एवं बुलंदी देगी। 'नए भारत की नयी तस्वीर' वैश्विक पटल पर महसूस की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन 15वीं यू.पी. गर्ल्स बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर की सी.टी.ओ कविता मंध्यान ने किया तथा आभार ज्ञापन 45 वीं यू.पी. बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर के सी.टी.ओं. डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्रा ने किया।






एकता और अनुशासन

# कबड्डी प्रतियोगिता

12 फरवरी 2021 को महिला और पुरुष वर्ग की 'गुरू श्री गोरक्षनाथ स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ राजनीतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कष्ण कुमार पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया।







कबड्डी प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अवेद्यनाथ टीम तथा दिग्विजयनाथ टीम के बीच खेला गया, जिसमें अवेद्यनाथ टीम को 33–23 से विजेता घोषित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) का फाइनल मैच रानी लक्ष्मीबाई टीम तथा मीराबाई टीम के बीच खेला गया, जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम को 17–4 से विजेता घोषित किया गया।





एकता और अनुशासन





अमर उजाला

## आपदा को अवसर में बदला : डॉ. राजकिशोर



हिन्दुस्तान गोरखपुर • शुक्रवार • 12 फरवरी 2021

## गुरु गोरक्षनाथ की टीम रही विजेता

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में छह दिवसीय खेल महोत्सव का उद्घाटन भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया। प्रतियोगिता का निर्णायक मैच गुरु गोरक्षनाथ टीम और बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम के बीच खेला गया, जिसमें गुरु गोरक्षनाथ टीम ने 25-17, 21-25, 25-10 के स्कोर से जीत लिया।



# गायन प्रतियोगिता

13 फरवरी 2021 को गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 25 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिमा में प्रथम स्थान सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा (बी.ए. तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान चन्दन तिवारी (बी.ए. तृतीय वर्ष) और सृष्टि श्रीवास्तव (बी.एस–सी. तृतीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान अर्पिता त्रिपाठी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) तथा सांत्वना पुरस्कार संयुक्त रुप से बी.ए. द्वितीय वर्ष की रुबी तथा नेहा को प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में बी.एड्. विभाग की प्रवक्ता डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, श्रीमती पुष्पा निषाद एवं गृह–विज्ञान विभाग की प्रवक्ता सुश्री शारदा रानी उपस्थित रहीं।






एकता और अनुशासन








एकता और अनुशासन

# जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक मंचन

13 फरवरी 2021 को 45वीं यू.पी. बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं 15वीं यू.पी. गर्ल्स बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने ग्राम हसनगंज में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं विषय पर जनजागरूकता रैली निकाली। रैली के पश्चात कैडेट्स ने ग्रामीणों को चुनाव के प्रति अपने मतदान का सही प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से जागृति नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।





एकता और अनुशासन







एकता और अनुशासन





अमर उजाला

गोरखपुर | रविवार, 14 फरवरी 2021 6

नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया

महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल

एकता और अनुशासन

# पुलवामा शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

14 फरवरी 2021 को पुलवामा हमले की दूसरी बरसी के अवसर पर ''पुलवामा हमला एवं भारत की स्त्रातजिक पहल'' विषय पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य श्री रमाकान्त दूबे ने बोलते हुए कहा कि पुलवामा हमले के बाद भारत ने अपनी स्त्रातजिक रणनीति में अचानक परिवर्तन कर सुरक्षात्मक रक्षा नीति के स्थान पर आक्रामक रक्षा नीति का अनुसरण किया। हालांकि इसके शुरूआत उरी सर्जिकल स्ट्राइक के बाद ही प्रारम्भ हो गई थी लेकिन पुलवामा हमले के बाद भारत ने जो कार्यवाही की वो अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर 'जैसे को तैसा' नीति को और मजबूती प्रदान करता है। इसके परिणाम स्वरूप भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट के आतंकी शिविरों पर हवाई हमला कर 350 से अधिक आतंकवादियों को मार डाला। इस अवसर पर सभी कैडेट के साथ–साथ महाविद्यालय के शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।






हिन्दुस्तान गोरखपुर • सोमवार • 15 फरवरी 2021 06

**पुलवामा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया**

**गोरखपुर।** एमपी पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में पुलवामा हमले की दूसरी बरसी के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य रमाकान्त दूबे ने कहा कि पुलवामा हमले के बाद भारत ने अपनी रणनीति में अचानक परिवर्तन कर सुरक्षात्मक रक्षा नीति के स्थान पर आक्रामक रक्षा नीति का अनुसरण किया। शुरुआत उरी सर्जिकल स्ट्राइक के बादहो गई थी।

एकता और अनुशासन